# Important Questions Class 8 Hindi Chapter 2 तलाश

**प्रश्न 1. नेहरू जी के मन में क्या प्रश्न उठते थे?**

**उत्तर:** नेहरू जी के मन में निम्नलिखित प्रश्न उठते थे-

- आखिर भारत है क्या?
- अतीत में भारत किस विशेषता का प्रतिनिधित्व करता था?
- भारत ने अपनी प्राचीन संस्कृति को कैसे खो दिया?
- क्या आज भी भारत के पास ऐसा कुछ बचा है जिसे जानदार कहा जा सके?
- आधुनिक विश्व से उसका तालमेल किस रूप में बैठता है?

**प्रश्न 2. लेखक ने भारत को किस रूप में देखा?**

**उत्तर:** लेखक ने भारत को आलोचक के रूप में देखा।

**प्रश्न 3. लेखक कहाँ खड़ा था?**

**उत्तर:** लेखक भारत के उत्तर-पश्चिम में स्थित सिंधुघाटी में मोहनजोदड़ो के एक टीले पर खड़ा था। उसके चारों तरफ प्राचीन नगर के घर और गलियाँ बिखरी पड़ी थीं।

**प्रश्न 4. सिंधु घाटी की सभ्यता का समय क्या बताया गया है?**

**उत्तर:** लेखक द्वारा इसका समय लगभग पाँच हजार वर्ष पूर्व बताया गया है।

**प्रश्न 5. सिंधु घाटी की सभ्यता के बारे में क्या बताया गया है?**

**उत्तर:**

- यह सभ्यता पूर्ण व विकसित थी।
- इसका आधार ठेठ भारतीयपन था।
- इसका समय लगभग पाँच हजार वर्ष पूर्व था।
- इसका अन्य सभ्यताओं से भी संबंध रहा था।

**प्रश्न 6. लेखक पर किसने प्रभाव डाला?**

**उत्तर:** लेखक पर प्राचीन साहित्य के विचारों की ओजस्विता, भाषा की स्पष्टता और उसके पीछे सक्रिय मस्तिष्क की समृद्धि ने गहरा प्रभाव डाला।

**प्रश्न 7.इस सभ्यता का दूसरे किन देशों के लोगों से संपर्क रहा?**

**उत्तर:** फारस, मिस्र, ग्रीस, चीन, अरब, मध्य एशिया और भू-मध्यसागर के लोगों से उसका बराबर निकटसंपर्क रहा।

**प्रश्न 8. पहाड़ों के बारे में लेखक का क्या कहना है?**

**उत्तर:** लेखक का पहाड़ों के प्रति विशेष प्रेम था। कश्मीर के साथ उसका खून का रिश्ता था।

**प्रश्न 9. नदियों के बारे में नेहरू जी के क्या विचार हैं?**

**उत्तर:** पर्वतों से निकलकर भारत के मैदानी भागों में बहने वाली नदियों ने आकर्षित किया है। यमुना के चारों ओर नृत्य, उत्सव और नाटक से संबंधित अनेक पौराणिक कथाएँ हैं। भारत की प्रमुख नदी गंगा ने भारत के हृदय पर राज किया है। गंगा की गाथा भारत की सभ्यता और संस्कृति की कहानी है।

**प्रश्न 10. किसके पत्थर भारत के अतीत की कहानी कहते हैं?**

**उत्तर:** पुराने स्मारकों और भग्नावशेषों, पुरानी मूर्तियों, भित्तिचित्रों, अजंता-एलोरा, एलिफेंटा की गुफाएँ भारत के अतीत की कहानी कहते हैं।

**प्रश्न 11. नेहरू जी ने कुंभ पर्व पर क्या देखा?**

**उत्तर:** नेहरू जी अपने शहर इलाहाबाद व हरिद्वार में कुंभ पर्व पर मेले में जाते थे। वहाँ हजारों की संख्या में लोग आते और गंगा-स्नान करते थे।

**प्रश्न 12. नेहरू जी ने किन-किन ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया था?**

**उत्तर:** नेहरू जी ने निम्नलिखित ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया था-

- अजंता, एलोरा, एलिफेंटा की गुफाएँ।
- आगरा और दिल्ली में बनी इमारतें।
- बनारस के पास सारनाथ।
- फतेहपुर सीकरी, हरिद्वार आदि।

**प्रश्न 13. लेखक को किन-किन कारणों से उत्तरोत्तर गिरावट का अनुभव होता है?**

**उत्तर:** लेखक को लगता है-शब्दाडंबर की प्रधानता, भव्य कला एवं मूर्ति-निर्माण की जगह जटिल पच्चीकारी वाली नक्काशी का होना, सरल, सजीव और समृद्ध भाषा के स्थान पर अत्यंत अलंकृत और जटिल साहित्य शैली अपनाना, संकीर्ण रूढ़िवादिता उत्तरोत्तर गिरावट का कारण है।

**प्रश्न 14. लेखक को किससे संतोष नहीं हुआ?**

**उत्तर:** लेखक को पुस्तकों, प्राचीन स्मारकों और विगत् उपलब्धियाँ तो समझ आईं, लेकिन उसे वह नहीं मिला जिसकी वह तलाश कर रहा था। इसलिए उसे संतोष नहीं हुआ।

**प्रश्न 15. लेखक को किस बात से निराशा नहीं हुई?**

**उत्तर:** लेखक ने सामान्य व्यक्तियों से बहुत अपेक्षाएँ नहीं रखी थी, इसलिए उसे बहुत निराशा नहीं हुई। उसने उससे जितनी उम्मीद की थी, उससे अधिक पाया।

**प्रश्न 16. भारत माता के संबंध में नेहरू जी ने लोगों से क्या प्रश्न पूछे? उन्हें क्या उत्तर मिला?**

https://www.evidyarthi.in/

**उत्तर:** 'भारत माता की जय' बोलने वालों से नेहरू जी प्रश्न पूछते थे कि इस जयकारे से उनका क्या आशय है? जब एक किसान ने उन्हें बताया कि भारत माता हमारी धरती है, भारत की प्यारी मिट्टी है। तब नेहरू जी पूछते- कौन-सी मिट्टी-अपने गाँव की, जिले की, राज्य की या पूरे भारत की मिट्टी?

**प्रश्न 17. नेहरू जी ने सीमित नजरिये वाले किसानों को क्या बताया?**

**उत्तर:** लेखक ने सीमित नजरिये वाले किसानों को बताया कि जिस देश की मुक्ति के लिए हम संघर्ष कर रहे हैं, उसका हर हिस्सा एक-दूसरे से भिन्न होते हुए भी भारत है। उन्होंने किसानों को उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी दी।

**प्रश्न 18. भारत की विविधता कैसे अद्भुत है?**

**उत्तर:** भारत में विविधता प्रत्यक्ष रूप से दिखाई देती है। यह शारीरिक व मानसिक दोनों रूपों में दिखाई देती है। उत्तर-पश्चिम क्षेत्र के पठानों और सुदूर दक्षिण के वासी तमिल में बहुत कम समानता है, पर उनके भीतरी सूत्र एक समान ही हैं।

**प्रश्न 19. क्या जानकारी हैरत में डालने वाली है?**

**उत्तर:** यह जानकारी बेहद हैरत में डाल देने वाली है कि बंगाली, मराठी, गुजराती तमिल, आंध्र, उडिया, असमी, कन्नड़, मलयाली, सिंधी, पंजाबी, पठान, कश्मीरी, राजपूत और हिंदुस्तानी भाषा-भाषी कैसे सैकड़ों वर्षों से अपनी पहचान बनाये रहते हैं। सबके गुण- दोष एक से हैं।

**प्रश्न 20. अब कौन-सी अवधारणा विकसित हो गई?**

**उत्तर:** अब राष्ट्रवाद की भावना अधिक विकसित हो गई है। विदेशों में भारतीय अनिवार्य रूप से एक राष्ट्रीय समुदाय बनाकर विभिन्न कारणों से जुटते रहते हैं; भले ही उनमें भीतरी भेद हो। एक हिंदुस्तानी ईसाई कहीं भी जाए, उसे हिंदुस्तानी ही माना जाता है।

**प्रश्न 21. अनपढ़ ग्रामीणों को क्या याद थे?**

**उत्तर:** अनपढ़ ग्रामीणों को महाकाव्यों व ग्रंथों के सैकड़ों पद याद थे जिनका प्रयोग वे अपनी बातचीत के दौरान करते थे। वे प्राचीन कथाओं में सुरक्षित नैतिक शिक्षाओं का भी उल्लेख करते थे।

**प्रश्न 22. लेखक कब विस्मय-मुग्ध हो जाता है?**

**उत्तर:** लेखक जब गाँवों से गुजरते हुए किसी मनोहर पुरुष व स्त्री को देखता था तो उनके संवेदनशील चेहरे, बलिष्ठ देह, महिलाओं में लावण्यता, नम्रता, गरिमा आदि देखकर वह मंत्र-मुग्ध हो जाता था।

https://www.evidyarthi.in/